# उद्यमियों को जमीन देने के लिए नया एक्शन प्लान

■ अजित खरे

लखनऊ। उद्यमियों के लिए आने वाले वक्त में बड़े पैमाने पर जमीन देने के लिए नया एक्शन प्लान बनाया गया है। इसके तहत 'बल्क भूमि एक्ट' लाया जाएगा। जमीन का बंदोबस्त करने के लिए चार स्तर पर रणनीति बनाई गई है। देश विदेश की बड़ी कंपनियों व निवेशकों के लिए जमीन मुहैया कराने को आने वाले तीन साल में दो लाख एकड़ जमीन विभिन्न तरीकों से लेकर उसे विकसित किया जाएगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण व खरीद के संबंध में हर तीन माह में समीक्षा भी होगी।

**सिंगल विंडो एक्ट व लैंड पूलिंग नीति:** योगी सरकार सिंगल विंडो एक्ट लाने पर विचार कर रही है। पर सरकार ने जल्द काम करने को कहा है। इसके लिए सलाहकार कंपनी डेलाइट औद्योगिक विकास विभाग की मदद करेगा।

**02** लाख एकड़ अतिरिक्त जमीन का होगा बंदोबस्त

■ औद्योगिक योजनाओं के लिए आवंटित होगी भूमि

निवेश सारथी पोर्टल पर जमीन, मूल्य निर्धारण तथा अन्य जरूरी जानकारी भी उपलब्ध होगी। इस तरह यह पोर्टल भूमि बैंक की सारी जानकारी का एकमात्र स्रोत माना जाएगा। सभी प्राधिकरण रिक्त भूखंडों की जानकारी नियमित अंतराल पर नवीनतम अपडेट के साथ उपलब्ध करवाएंगे। सरकार लैंड पूलिंग नीति ला रही है।